महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- coe@msdsu.ac.in

पत्रांक– 194 / परीक्षा / 2026 दिनांक– 01 / 04 / 2026

अधिसूचना (तिथि विस्तारण)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के मुख्य परीक्षा सत्र 2025–26 के राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातकोत्तर स्तर के द्वितीय सेमेस्टर में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की तिथि दिनांक 01.04.2026 तक निर्धारित थी।

अतः छात्र हित को देखते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की तिथि मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार निम्नवत् विस्तारित की जाती है–

क्रमांक	विवरण	दिनांक
1	निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि	24.03.2026
2	निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि	04.04.2026
3	महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्मों का शुद्धीकरण एवं सत्यापन	04.04.2026
4	रू0 500/– विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि	05.04.2026 से 07.04.2026 तक

अर्ह समस्त परास्नातक स्तर के छात्र–छात्राएं जो परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करना चाहते है, वे समर्थ पोर्टल की वेबसाइट **https://msdsu.samarth.edu.in/index.php/site/login** पर उक्त निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करना सुनिश्चित करें।

नोट– 1. मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार समस्त प्राचार्य अपने स्तर से उक्त छात्र/छात्राओं के विषय चयन की प्रक्रिया के साथ–साथ परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने हेतु सूचित करने का कष्ट करें।

2. यह भी सूचित किया जाता है उक्त तिथि के पश्चात परीक्षा फार्म भरने की तिथि विस्तारित नही की जायेगी।

(आनन्द कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव–कुलपति, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराते हुए छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र समयान्तर्गत पूरित कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. मीडिया प्रभारी को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में व्यापक जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
6. नोडल, समर्थ पोर्टल।

(आनन्द कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक